महत्वपूर्ण एवं खास

लोक निर्माण विभाग के नए इंजीनियर इन चीफ होंगे डीके अग्रवाल

रायपुर। डीके अग्रवाल लोक निर्माण विभाग के नए इंजीनियर इन चीफ होंगे। वे डीके प्रधान की जगह लेंगे। जानकारी के अनुसार डीके प्रधान प्रतिनियुक्ति पर छत्तीसगढ़ रेलवे कार्पोरेशन लिमिटेड में पूर्णकालिक निदेशक (बिजनेस डेव्हलपमेंट एवं वित्त) के पद पर नियुक्त किए गए हैं। उनके जाने के बाद लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर इन चीफ के पद डीके अग्रवाल पदस्थ किया गया है।

सड़क दुर्घटना की मॉनिटरिंग के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

रायगढ़। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु सड़क दुर्घटना मॉनिटरिंग के लिए तैयार किए गए मॉड्यूल के संबंध में स्थानीय जिंदल ऑडिटोरियम में पुलिस अधीक्षक दीपक झा के निर्देशन तथा हरीश राठौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायगढ़ के मार्गदर्शन एवं राजकुमार मिंज यातायात डीएसपी रायगढ़ के नेतृत्व में जिला रायगढ़ एवं जिला जांजगीर चांपा के समस्त थाना प्रभारीगण, समस्त सीसीटीएनएस ऑपरेटर जिला रोड सेफ्टी सेल के अधिकारी/कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया था।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारी, कर्मचारियों को पुलिस मुख्यालय रायपुर में पदस्थ लीड एजेंसी प्रशिक्षण नोडल अधिकारी सूबेदार पुष्पेंद्र सिंह एवं सहयोगी स्टॉप के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से 4 बजे तक आयोजित हुआ जिसमें दोनों जिलों से कुल मिलाकर 09 निरीक्षक 18 उनि/सउनि एवं 113 प्र.आर./आरक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

अलग-अलग स्थानों में ट्रेन से कटकर दो की मौत

रायगढ़। शहर के दूसरे बड़े थाना क्षेत्र चक्रधर नगर इलाके में दो अलग अलग मामले में पुलिस मर्ग कायम कर तफ्तीश कर रही है दोनों मामले में ट्रेन से कटकर दो व्यक्ति मौत हो गई है।

लाला देवांगन उम्र 40 वर्ष संजय नगर निवासी है। जो शराबी प्रवत्ति का व्यक्ति था। वही बुधवार शाम लगभग 6 बजे लाला शराब के नशे में रेलवे पटरी पर घर के पास ही घूम रहा था । जहां धड़धड़ाते हावड़ा की ओर से आ रही मालगाड़ी ने उसे अपनी गिरफ्त में ले लिया। इस घटना से मृतक लाला की शव कई भागों में विभक्त हो गई। मामले में पीएम के बाद शव परिजनों के सपुर्द किया गया। दूसरी घटना प्रेम नगर इलाके के पास रेलवे ट्रेक में घटित हुआ है। जहां पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम को मुंबई से चलकर आ रही आजाद हिंद एक्सप्रेस वाहन से कटने से राम प्रसाद चौहान पिता टेंगु उम्र 49 वर्ष कलाल कुलबा जांजगीर जिला निवासी है ।

अंडर-16 ड्यूज बाल क्रिकेट स्पर्धा 2 दिसंबर से

रायगढ़। जिला क्रिकेट संघ व गुरुकुल क्रिकेट अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में इस साल भी अंडर-16 ड्यूजबाल क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन 2 से 8 दिसंबर तक आईटीआई मैदानं में किया जा रहा है। टूर्नामेंट के संयोजक महेश दधिचि ने बताया कि प्रतियोगिता में रायगढ़ जिले की 6 टीमें हिस्सा ले रहीं हैं, जिन्हें दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप ए में आल स्टार घरघोड़ा, जिंदल स्कूल व आरसीए को रखा गया है।

महिला का पेट है कि सोने की तिजोरी, डाक्टरों ने पेट से निकाले मंगलसूत्र, चूड़ी, हार और सोने के गहने

दिल्ली. दुनिया में कई अजीबोगरीब घटनाएं होती हैं, लेकिन उनपर हम तब तक यकीन नहीं करते हैं, जब तक कि हम उन्हें अपनी आंखों से न देख लें। कुछ ऐसा ही हुआ है गुजरात के अहमदाबाद में। यहां एक महिला के साथ हैरान कर देने वाली घटना घटी है।

दरअसल, अहमदाबाद स्थित सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर एक महिला के पेट से 1.5 किलोग्राम वजन का धातु निकाला है, जिसमें मंगलसूत्र, चूड़ी, ब्रेसलेट, चेन, हेयर पिन, नट-बोल्ट और कील शामिल हैं। महिला के पेट

से इतनी बड़ी मात्रा में धातु निकलने से डॉक्टर भी हैरान हैं।

महिला का नाम संगीता (45) है और वो मानसिक रूप से बीमार है। डॉक्टरों ने बताया कि महिला 'एकुफेजिया' नामक विकार से ग्रसित है। करीब दो घंटे तक चले ऑपरेशन के बाद डॉक्टरों ने महिला के पेट से मंगलसूत्र और चूड़ी समेत कई सारी धातु की चीजें निकालीं।

डॉक्टरों के मुताबिक, 'एकुफेजिया' एक दुर्लभ विकृति है और यह बहुत कम लोगों में पाई जाती है। इस विकार से ग्रसित लोगों को खाने-पीने की वस्तुओं की समझ नहीं रहती और लोहे और धातु से बनी चीजों को निगल जाते हैं। यह बीमारी आमतौर पर मानसिक रूप से बीमार लोगों में ही पाई जाती है।

तीन लाख की ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार

अम्बिकापुर। ब्राउन शुगर रखकर ग्राहक की तलाश कर रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवक से 3 लाख रुपए का ब्राउनशुगर जब्त किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि मिलन पारा उदासीन आश्रम के पास अज्ञात व्यक्ति मादक पदार्थ रखकर ग्राहक की तलाश कर रहा है। सूचना पर कोतवाली थाना प्रभारी के निर्देश पर पुलिस स्टॉफ घटना स्थल पहुंचकर मुखबिर के बताएं हुलिया अनुसार युवक को घेरेबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम पवन कुमार तिग्गा और मन्नू सेन तिग्गा नमनाकला मिलन पारा का होना बताया। तलाशी लेने के दौरान युवक के पास से 16.61 ग्राम ब्रॉउन शुगर बरामद किया गया, जिसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में करीब 3 लाख 20 हजार रुपए है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक सुरेश चंद्र मीन आरक्षक संजू चौबे दीपक पांडे अन्य शामिल रहे।

महान संतो की मौजूदगी में हरिहरात्मक महायज्ञ का आयोजन 12 से

रायगढ़। नगर की सेवाभावी आध्यात्मिक चिंतन इकाई दैवी संपद मंडल के तत्वावधान मे आगामी 12 दिसंबर को स्थानीय ढिमरापुर रोड स्थित दयाल वाटिका (हीरो शो रूम के सामने) विशाल श्रीमद्भागवत महाकथा व शिव रुद्राभिषेक का पूण्य आयोजन किया जा रहा है। इस हरिहरात्मक महायज्ञ मे आयोजक मंडल द्वारा देश भर के एक दर्जन से अधिक महान संतों को सादर उपस्थित होने हेतु

आमंत्रित किया गया है। इस विराट साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा व महायज्ञ मे संतगणों के सम्मेलन का नेतृत्व परम शिव उपासक स्वामी शारदानंद सरस्वती करेंगें।

उक्ताशय की जानकारी देते हुये श्री दैवी संपद मंडल के संयोजक व प्रतिष्ठित व्यवसायी हरविलास अग्रवाल ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री विष्णु देव साय व क्षेत्रीय विधायक सहित गणमान्य हस्तियों के संरक्षण व मार्गदर्शन मे गठित आध्यात्मिक संस्था श्री दैवी संपद मंडल के द्वारा आगामी 12 से 22 दिसम्बर तक 10 दिवसीय भागवत ज्ञान कथा व संत सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। आयोजन को भव्यता देने पूरा आयोजक मंडल पूर्ण मनोयोग से लगा हुआ है।इस धार्मिक समागम के लिये दयाल वाटिका का चयन किया गया है। इस स्थल का भूमिपूजन भी विधि विधान से बीते मंगलवार को संस्था के अध्यक्ष अजय अग्रवाल व राजेन्द्र अग्रवाल के द्वारा किया गया है।

ट्रक में लोड 19 टन कबाड़ के साथ चालक गिरफ्तार

रायगढ़। ओडिशा से ट्रक में 19 टन कबाड़ भरकर एमएसपी प्लांट ले जा रहे चालक को पुलिस ने इंदिरा विहार मेन रोड के पास पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं होने पर ट्रक और कबाड़ को जब्त कर लिया गया है। वहीं आरोपी के खिलाफ 41 (1-4) के तहत कार्रवाई की गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चक्रधर नगर पुलिस को 28 नवंबर की रात दस बजे मुखबिर से सूचना मिली कि कबाड़ से भरी ट्रक क्रमांक डब्ल्यू बी 23 डी 3256 जामगांव की ओर जा रही है।

सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने इंदिरा विहार मेन रोड के पास नाकाबंदी करते हुए उक्त ट्रक को रोका। पुलिस को देख चालक घबरा गया। पुलिस ने जब ट्रक ट्राली की जांच की तो उसमें भारी मात्रा में कबाड़ भरा हुआ था। इसका वजन 19 टन बताया जा रहा है।

वहीं उसकी कीमत 6 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अजीत कुशवाहा पिता छुटकु प्रसाद कुशवाहा 40 वर्ष निवासी बक्सर बिहार बताया। पुलिस ने जब आरोपी से कबाड़ के संबंध में वैध दस्तावेज मांगा तो उसके पास कोई दस्तावेज नहीं था। ऐसे में पुलिस ट्रक और कबाड़ दोनों को जब्त करते हुए चक्रधर नगर थाने ले आई है।

वहीं आरोपी के खिलाफ धारा 41(1-4) के तहत कार्रवाई की गई है।

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार दो न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं मर्डेनिम बोर्ड के सदस्यों कृष्ण सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्रे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे निश्चित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931